## दिनांक 12.09.2020 को राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया की प्रगति के संबंध में गया में आयोजित बैठक की कार्यवाही।

1. बैठक में उपस्थित अपर समाहर्त्ता, गया द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा बैठक की सूचना कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गया को दी गयी थी इसके बावजूद भी वे बैठक में उपस्थित नहीं हुए। इसपर खेद प्रकट किया गया और उनके नियंत्री पदाधिकारी को सूचित करने का निदेश दिया।

2. सर्वप्रथम राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया के निर्माणाधीन भवन के संबंध में समीक्षा की गयी एवं कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गया द्वारा भेजे गए प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया। प्रतिवेदन के अनुसार माह–मार्च, 2020 तक का कुल व्यय लगभग मो0 1.95 करोड़ रूपये है तथा उसके पश्चात इस वित्तीय वर्ष में कोई भी प्रगति नहीं हुई है। भौतिक प्रगति से संबंधित प्रतिवेदन इस कार्यवाही के साथ अनुलग्नक के रूप में संलग्न है। इस वित्तीय वर्ष में कार्य नहीं होने के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि आवंटन के अभाव में कार्य बाधित है। इस संबंध में अपर समाहर्त्ता, गया को निदेशित किया गया कि वे स्वयं निर्माण स्थल का निरीक्षण कर लें एवं आवंटन के संबंध में भवन प्रमंडल से पृच्छा कर लें। आवंटन न प्राप्त होने के संबंध में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय स्तर से भी कार्रवाई की जाएगी।

**(अनुपालन – सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप एवं अपर समाहर्त्ता, गया)**

3. राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया के प्रशासनिक भवन के जिर्णोद्धार के संबंध में समीक्षा की गयी तथा यह पृच्छा की गयी कि इस संबंध में स्वीकृत्यादेश संख्या – 219 दिनांक 06.02.2020 द्वारा मो0 28,84,400/– रूपये की स्वीकृति दी जा चुकी है। परन्तु अबतक इस संदर्भ में कोई भी कार्रवाई क्यों नहीं की गयी है। इसपर अपर समाहर्त्ता, गया द्वारा बताया गया कि उन्होंने जिले में माह – अप्रील, 2020 में ही योगदान किया हैं तथा उन्हें इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं है। उनके द्वारा अधोहस्ताक्षरी को यह भी अवगत कराया गया कि जिर्णोद्धार हेतु भवन प्रमंडल द्वारा निविदा प्रकाशित की गयी है परन्तु निविदा के निस्तारण के संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं है।

अपर समाहर्त्ता, गया को निदेश दिया गया कि अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा बोधगया में अतिशीघ्र प्रशिक्षण प्रारंभ करने का निदेश प्राप्त है एवं पूर्व में समाहर्त्ता एवं अपर समाहर्त्ता, गया को यह संसूचित भी है जिसके आलोक में समाहर्त्ता, गया द्वारा प्रेषित पत्र के आलोक में माह – फरवरी में ही संबंधित प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गयी थी। परन्तु अब तक इस मामले में कोई प्रगति न होना अत्यन्त चिन्ताजनक है। अपर समाहर्त्ता, गया को निदेशित किया गया कि इस संबंध में किस स्तर से लापरवाही हुई है चिह्नित करते हुए समाहर्त्ता, गया को संसूचित करें एवं इस संबंध में कार्रवाई सुनिश्चित कराएँ। साथ ही यह भी सुनिश्चित कराएं कि जिर्णोद्धार का कार्य छोटा कार्य है अतः इसे भवन प्रमंडल द्वारा एक माह में सम्पन्न कराया जाय।

**(अनुपालन – अपर समाहर्त्ता, गया एवं कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गया)**

4. राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया में अतिशीघ्र प्रशिक्षण प्रारंभ करने के लिए Furniture आदि उपस्करों की आवश्यकता के संबंध में समीक्षा की गयी एवं पृच्छा की गयी कि कई माह पूर्व ही प्रशिक्षण प्रारंभ करने हेतु आवश्यक उपस्करों को क्रय करने का निदेश देते हुए आवश्यक आवंटन की मांग करने संबंधी पत्र प्रेषित किया गया था, परन्तु अब तक उस संबंध में किसी भी आवंटन के संबंध में अधियाचना प्राप्त नहीं हुई है। इसपर अपर समाहर्त्ता, गया द्वारा आश्वासन दिया गया कि इस संबंध में अतिशीघ्र ही आवश्यक आकलन करते हुए आवंटन की मांग की जाएगी।

**(अनुपालन – अपर समाहर्त्ता, गया)**

अपर समाहर्त्ता, गया को अवगत कराया गया कि राजस्व एवं सर्वे संबंधी प्रशिक्षण हेतु राज्य सरकार द्वारा आधारभूत संरचना का निर्माण कराया जा रहा है एवं इस क्रम में पटना स्थित राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान निर्मित होकर कार्यकारी भी हो चुका है परन्तु बोधगया में इसकी प्रगति संतोषजनक नहीं है। अपर समाहर्त्ता, गया को निदेशित किया गया कि वे उपरोक्त सभी बिन्दुओं पर नियमित रूप से समीक्षा करें एवं सभी विषयों पर भौतिक एवं वित्तीय प्रतिवेदन पाक्षिक रूप से निदेशालय को भेजा जाना सुनिश्चित करें।

**(अनुपालन – अपर समाहर्त्ता, गया)**

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

(जय सिंह)
निदेशक 17/9/20
भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– 132 / गो0 **पटना, दिनांक** 17-09-2020

**प्रतिलिपि** :– समाहर्त्ता / अपर समाहर्त्ता, गया / प्राचार्य, राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया / कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गया / सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक** 17/9/20

**ज्ञापांक** :– 132 / गो0 **पटना, दिनांक** 17-09-2020

**प्रतिलिपि** :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक** 17/9/20

**ज्ञापांक** :– 132 / गो0 **पटना, दिनांक** 17-09-2020

**प्रतिलिपि** :– प्रभारी, आई0टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं निदेशालय के वेबसाइट पर प्रकाशित कराने हेतु प्रेषित।

**निदेशक** 17/9/20

# राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (डाटा सेन्टर एंव सर्वे ट्रेनिग सेन्टर )

| SL.No. | PROJECT ID | योजना का नाम | बजट शीर्ष | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग/तिथि | एकरारनामा की राशि | एकरारनामा का प्रसंग/तिथि | एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ/पूर्ण की तिथि | मार्च 2020 तक का कुल व्यय | वित्तीय वर्ष 2020-21 में कुल आवंटन | वित्तीय वर्ष 2020-21 में पूर्व माह तक का व्यय | वित्तीय वर्ष 2020-21 में चालू माह का व्यय | वित्तीय वर्ष 2020-21 का अद्यतन व्यय | योजना में अब तक का कुल व्यय | वित्तीय वर्ष 2020-21 में संभावित व्यय (पूरे वित्तीय वर्ष के लिए | भौतिक प्रगति | अभ्युक्ति | संवेदक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 1 | PRJ 2018656 | सर्वे प्रशिक्षण संसथान बोधगया का निर्माण कार्य | P4059600510114 | 8,97,07,500.00 | 1140<br>26/06/2015 | 97127483.00 | 01 SBD<br>2019-20<br>18.07.2019 | 08.11.2019<br>07.05.2021 | 19546607.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 19546607.00 | 6 Crore | 1. चहारदिवारी का प्लास्टर कार्य पूर्ण।<br>2. Class IV - (G+2) प्लींथ स्तर तक कार्य पूर्ण। कॉलम का कार्य प्रगति मे।<br>3. Princple (G+1) आवास – भूतल एवं प्रथम तल के छत ढलाई कार्य पूर्ण। ईट जोड़ाई का कार्य प्रगति पर।<br>4. अनुदेशक आवास – (G+1) भूतल के छत ढलाई कार्य पूर्ण। प्रथम तल के छत ढलाई कार्य पूर्ण एवं ईट जोडाई कार्य प्रगति में।<br>5. छात्रावास – (G+2) भूतल के छत ढलाई कार्य पूर्ण। प्रथम एवं द्वितीय तल का छत ढलाई कार्य पूर्ण एवं भूतल एंव प्रथम तल का ईट जोडाई कार्य प्रगति में। | आवंटन के आभाव में कार्य बाधित | संजय कुमार यादव |

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल गया